Seventeenth Loksabha

>

Title: Issue regarding crop damage due to natural calamities and non-implementation of centrally sponsored shceme for farmers in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष जी, मैं सबसे पहले आपको इस उदारता के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि जो लोग वेल में आते हैं, उन्हें भी आप बोलने का मौका देते हैं । ऐसा पहली बार देखने को मिला है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सतना लोक सभा क्षेत्र तथा मध्य प्रदेश के सभी किसानों का मामला आपके माध्यम से यहां रखना चाहता हूं । अभी प्राकृतिक आपदा में उड़द की फसल, मूंग की फसल, तिल की फसल, सोयाबीन की पूरी फसलें बर्बाद हो गईं और धान की फसल में 'कंडो' नाम की एक बीमारी लग गई, जिससे पूरे प्रदेश की फसल को नुकसान हुआ है । यह दुर्भाग्य की बात कि राज्य सरकार ने एक पैसा देना तो दूर की बात, आज तक उसका सर्वे तक नहीं कराया है और प्रधान मंत्री जी की किसानों को जो सम्मान निधि जाती है, उसमें नाम तक नहीं भेजा है । राज्य सरकार द्वारा यह पक्षपात वहां के किसानों से किया जा रहा है । पिछले साल किसानों को बोनस का पैसा नहीं दिया, जो अतिवृष्टि से किसानों एवं गरीबों के घरों को नुकसान हुआ उसका पैसा नहीं मिला और जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाएं पिछली सरकार की चल रही थीं, वे सभी लगभग बंद कर दी हैं । किसानों के सभी पुराने धान खरीदी केंद्र बंद कर दिए गए । अब किसानों को 50-60 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा, तब धान की बिक्री हो पाएगी । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के कृषि मंत्री जी और गृह मंत्री जी से मांग करता हूं कि इस बारे में तत्काल दखल दें । केंद्र सरकार का प्रतिनिधि मंडल वहां गया था, उन्होंने जांच भी की, लेकिन आज तक राज्य सरकार ने उस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की है ।

मैं आपके माध्यम से पुन: मांग करता हूं कि तत्काल मध्य प्रदेश के किसानों के साथ राज्य सरकार न्याय करे ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रेखा वर्मा को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।